वर्ष 28 अंक 173
पृष्ठ 20+4+4=28
बरेली, रविवार
5 मार्च 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

बाल रोग चिकित्सा के नए तरीकों की दी जानकारी

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बाल रोग विभाग और इंडियन एकेडमी ऑफ पिडियाट्रिक्स की ओर से शनिवार को पिडियाट्रिक अपडेट 2017 पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य भावी बाल रोग चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम इलाज के तरीकों, जांच से अवगत कराना था। सेमीनार का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य प्रो. डा. आरसी पुरोहित, नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम के डा. अनुपम सचदेवा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. अतुल अग्रवाल, डा. पीएल प्रसाद एवं डा. सुरभि चन्द्रा ने किया। प्राचार्य ने समस्त बाल रोग विशेषज्ञों को बच्चों की गहन बीमारियों एवं उसके रोकथाम के लिए अपने कार्यक्षेत्र में नवीनतम तकनीकी ज्ञान अर्जित करने पर जोर दिया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनुपम सचदेवा ने डाक्टरों द्वारा बच्चों के इलाज एवं आने वाली पीढ़ी पर मरीजों से ज्यादा सक्षम इलाज पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डा. पीएल प्रसाद ने भावी चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीन बदलाव के बारे में बारीकियों से अवगत कराया। दिल्ली से आए डा. धीरेन्द्र गुप्ता ने बच्चों के चेस्ट एक्सरे के बारे में बताया। प्रो. डा. एनबी माथुर ने पीजी छात्रों से परीक्षा में होने वाली सामान्य गलतियों एवं उनके सुधार के विषय में जानकारी दी। लखनऊ के डा. पियाली भट्टाचार्य ने इलाज करते समय मेडिको लीगल के बारे में पता होने के बारे में बताया। कार्यक्रम आयोजक डा. सुरभि चंद्रा ने सभी का आभार जताया। इस दौरान देश के विभिन्न स्थानों से आए करीब डेढ़ सौ बाल रोग चिकित्सकों व विशेषज्ञों ने भाग लिया।